भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी... पृष्ठ 2 | छत्तीसगढ़ हॉकी लीग - महिला... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


गुरुवार, 26 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 74, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## छत्तीसगढ़ के सभी शहरों में बनेंगे अटल परिसर

### छत्तीसगढ़ निर्माता के जन्म शताब्दी कार्यक्रम में सीएम साय ने की बड़ी घोषणा





**रायपुर।** भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 100 वीं जयंती है। प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में समारोह का आयोजन किया गया है।

मुख्यमंत्री साय और अन्य नेताओं ने अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 100 वीं जयंती है। इस अवसर पर देश भर में सुशासन दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न आयोजन किए गए हैं। प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। सीएम साय ने परिसर में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद परिसर में लगे प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। सभा को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि, 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती है। इसे पूरा देश सुशासन दिवस के रूप में मनाता है। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन और श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। सीएम साय ने आगे कहा कि, उनके सपनों के आधार पर देश का विकास हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों को सुशासन दिवस की बधाई दी। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में अटल परिसर बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि, प्रदेश के अंदर जितने भी नगरीय निकाय, पंचायत निकाय परिषद हैं, सभी में अटल परिसर का भूमि पूजन करेंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य का निर्माण कर तीन करोड़ जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 50 हजार करोड़ रुपये से शुरुआत की। इस वजह से गांव-गांव में सड़क दिखाई दे रही है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, अटल जी की जयंती पर हम उन्हें सादर नमन करते हैं।

जब वे पीएम थे तब मैं पार्लियामेंट में सदस्य था तब उनसे करीब से मिलने का अवसर मिला था। अटल जी छत्तीसगढ़ के निर्माता हैं। उनके भाषण में अनूठी कला थी, विपक्ष के लोग भी उनके भाषण को सुनते थे। उन्होंने सिद्धांत की राजनीति की कभी खरीद फरोख्त जैसा काम नहीं किया। इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में उनका नाम लिखा जाएगा।

## मां जीण भवानी महोत्सव 04 एवं 05 जनवरी को

### श्री बालाजी मंदिर में सजेगा भव्य दरबार





**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री जीण माता सेवा समिति के तत्वावधान में मां जीण शक्ति मंगल पाठ एवं भजन संध्या का दो दिवसीय भव्य आयोजन आगामी 04 एवं 5 जनवरी को जीणधाम श्री बालाजी मंदिर , पुरानी गंज मंडी में आयोजित है ।श्री जीण माता सेवा समिति के श्याम खंडेलवाल , राजेश अग्रवाल , अरुण खंडेलवाल , ओमप्रकाश अग्रवाल , दीपक सोनी , दुर्गा अग्रवाल एवं प्रकाश सोनी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी नगरी में मां जीण भवानी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले लगभग 100 परिवार निवास करते हैं । जिनके द्वारा पिछले 06 वर्षों से मां जीण महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है , जिसके अंतर्गत भव्य कलश यात्रा , मां जीण शक्ति मंगल पाठ एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है । इस वर्ष सातवां दो दिवसीय मां जीण महोत्सव आगामी 04 एवं 5 जनवरी को धूमधाम से संपन्न किए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है । समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 4 जनवरी शनिवार को दोपहर 3:00 भव्य कलश यात्रा श्री सत्यनारायण धर्मशाला से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से निकलते हुए जीणधाम श्री बालाजी मंदिर , पुरानी गंज मंडी पहुंचेगी । मुख्य आयोजन 5 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से मां जीण शक्ति मंगल पाठ आयोजित है , मंगल पाठ का वाचन खरसिया निवासी मां जीण भवानी के सेवक अभिषेक अग्रवाल द्वारा किया जाएगा । जीण धाम पुरानी गंज मंडी स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में मां जीण भवानी का भव्य अलौकिक दरबार सजाया जाएगा , अखंड ज्योत प्रचलित की जाएगी , 56 भोग लगाया जाएगा तथा मंगल पाठ के दौरान मेहंदी उत्सव एवं चुनरी उत्सव विशेष आकर्षण के केंद्र होंगे । मंगल पाठ के पूर्ण होने के पश्चात रात्रि 7:00 बजे से भव्य भजन संध्या आयोजित है । भव्य भजन संध्या में बिलासपुर निवासी मां जीण भवानी की दीवानी नेहा पांडे अपने सुमधुर भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित करेंगी। आयोजन समिति ने नगर के धर्म प्रेमी माता बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि महोत्सव के दो दिवसीय भव्य आयोजन में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें ।

## यादव समाज का बैठक 29 दिसम्बर को रूदगांव में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। छत्तीसगढ़** झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला- राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहल्ला-चौकी-मानपुर का जिला स्तरीय बैठक 29 दिसम्बर को दोपहर 12:00 बजे से पावन धरा परिक्षेत्र-रुदगांव में आयोजित की गई है । बैठक में महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श कर नियमों का निर्धारण किया जाएगा। सेवक राम यादव जिला महामंत्री, भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पन्ना यादव अध्यक्ष, विष्णु यादव अध्यक्ष, शत्रुघन यादव अध्यक्ष, शिव कुमार यादव अध्यक्ष, सुंदर लाल यादव अध्यक्ष रूदगांव, संतू राम यादव, नील कुमार यादव ने सभी स्वजातीय बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की हैं।

## विश्व हिंदू परिषद की सामाजिक समरसता यात्रा आज से प्रारंभ...





**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के आव्हान पर सामाजिक समरसता यात्रा का प्रारंभ आज सुबह नर्मदा मैया मंदिर गंडई से प्रारंभ हुई है। इस समरसता यात्रा का समापन 31 दिसंबर को राजनांदगांव में होना है । छुआछूत एवं ऊंच नीच का हमारे धर्म में कोई स्थान नहीं होना चाहिए इस आह्वान के साथ पूज्य संतों ने यह सामाजिक यात्रा प्रारंभ की है ।गंडई से प्रारंभ होकर गांव-गांव होकर यह यात्रा आज संध्या खैरागढ़ पहुंची जहां पर इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया । खैरागढ़ में उपस्थित जनता को संबोधित करने के पश्चात यात्रा रात्रि में डोंगरगढ़ पहुंची जहां पर संबोधन एवं रात्रि विश्राम होगा । कल सुबह डोंगरगढ़ से यात्रा प्रारंभ होकर लाल बहादुर नगर, चिचोला, छुरिया, डोंगरगांव होते हुए अंबागढ़ चौकी में रात्रि विश्राम करेगी। समरसता यात्रा के दौरान छोटे-छोटे ग्रामों में उपस्थित जन समुदाय द्वारा स्वागत सत्कार एवं प्रसादी का वितरण किया जाता है। पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद ने सर्व हिंदू समाज को जात-पात से ऊपर उठकर समाज में एकता और खुशहाली का वातावरण बनाने सभी सनातनी भाइयों को इस यात्रा के द्वारा साथ आने का आह्वान किया है ।

## नि:स्वार्थ भाव से तप व भक्ति करने पर अवश्य ही भगवान की प्राप्ति होती है : आचार्य पं. युवराज पाण्डेय





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रेंगाकठेरा में कथा के चौथे दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा का श्रवण किये। शिवमहापुराण कथा की शुरुआत आरती के साथ व भोले बाबा के भजन के साथ किया गया।आचार्य पं युवराज पाण्डेय ने अपने चौथे दिन की कथा में बताया कि दक्ष प्रजापति ब्रह्मा जी के पुत्र और देवताओं के अग्रणी थे। सती, दक्ष प्रजापति और उनकी पत्नी प्रसूति की पुत्री थीं। वे आदि शक्ति (महादेवी) का अवतार मानी जाती हैं। बचपन से ही सती भगवान शिव की अनन्य भक्त थीं। दक्ष प्रजापति भगवान शिव को आदरणीय नहीं मानते थे और उनकी साधारण जीवनशैली के कारण उन्हें अपनी पुत्री के लिए योग्य नहीं समझते थे, इसलिए दक्ष ने शिव से सती का विवाह करवाने से इनकार कर दिया। सती ने यह निर्णय लिया कि वे कठोर तपस्या करेंगी और भगवान शिव को प्रसन्न करके उन्हें अपने पति के रूप में प्राप्त करेंगी। सती ने हिमालय के वन में जाकर घोर तपस्या प्रारंभ की। उन्होंने कठिन व्रत रखे, कई वर्षों तक अन्न-जल का त्याग किया और सिर्फ वायु के सहारे जीवित रहीं, उनकी तपस्या इतनी कठोर थी कि चारों दिशाओं में इसका प्रभाव फैलने लगा। देवता, ऋषि-मुनि और स्वयं प्रकृति भी उनकी भक्ति से प्रभावित हो गई। सती की निष्ठा और तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए, उनके तप से प्रसन्न होकर शिव ने सती से विवाह कर लिया। हालांकि, दक्ष शिव को एक साधारण योगी मानते थे और उनका सम्मान नहीं करते थे। प्रतिदिन कथा दोपहर 1 बजे से शिवमहापुराण कथा आयोजित किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर सिंह बघेल, जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य गणेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष परदेशी साहू, घुमका भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, डुमरडीह सरपंच दिनेश ठाकुर, परसबोड़ सरपंच जयश्री चांदतारे, सेवा सहकारी समिति रेंगाकठेरा अध्यक्ष हरिचंद सिन्हा, पदुमतरा अध्यक्ष टाकेश सिन्हा, ध्यानचंद बाफना, मदन साहू, रामकुमार वर्मा, गोपी साहू, महेश यादव, जागेश्वर साहू, गंगा दास वैष्णव, राकेश साहू, मालिखम कोसरे, ढाल सिंह, हरिचंद सिन्हा, खेमलाल साहू, विनोद बराले, नीलाभ यदु, अक्षय क्षत्रिय, जनक साहू, होश कुमार साहू, डिगेन्द्र सिन्हा सहित हजारों श्रोताओं ने कथा का रसपान किये।




Samvad RO NO.42557/127

# भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी विचार से देश को मिल रही दिशा : संतोष पाण्डेय

## देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती तथा सुशासन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन, - सांसद ने वर्धमान नगर में किया अटल परिसर का भूमि पूजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती तथा सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जशपुर जिले में अटल परिसर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा वर्चुअल माध्यम से राजनांदगांव जिले में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने आज राजनांदगांव शहर के वर्धमान नगर में अटल परिसर का भूमि पूजन किया तथा कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आज प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनका दुनिया लोहा मानती रही। उनका व्यक्तित्व इतना सशक्त था कि न केवल पक्ष बल्कि विपक्ष के भी जनप्रतिनिधि उनके प्रति सम्मान रखते थे। सांसद श्री पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पीवी नरसिम्हा राव ने विपक्ष के मंत्री होने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री अटल बिहारी वाजपेयी को दायित्व सौंपा। जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। उन्होंने बताया कि स्टेट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यक्रम का संचालन करने तथा सुनने का अवसर मिला। तत्कालीन सांसद श्री प्रमोद महाजन कहा करते थे कि कुशल वक्ता को श्री अटल बिहारी जैसा होना चाहिए। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि श्री अटल बिहारी जी देश के महान राजनेता, एक अच्छे लेखक, कवि और साहित्यकार थे। उनकी राष्ट्रीय कविताओं का उल्लेख साहित्य में मिलता है। उनके बहुआयामी विचार एवं सोच इस तरह है कि संकट के समय जब हम इतिहास के पन्ने पलटेंगे तो राहत मिलेगी और देश को दिशा मिलेगी। उनकी कविताओं को हम आज भी सुनते हैं और आत्मसात करते हैं। गीत नया गाता हूं, हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा.., तेरा वैभव अमर रहे माँ हम रहे या न रहे.. जैसे उनकी प्रेरक पंक्तियां आज भी हमारा मनोबल बढ़ाती हैं।सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र की सेवा अंतिम सांस तक करने का संदेश दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए कहा कि एक देश में दो प्रधान,



दो निशान नहीं चलेंगे, कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोड कनेक्टीविटी के लिए कार्य किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पोखरण में परमाणु परीक्षण हुआ तो विश्व में भारत का प्रभाव बढ़ा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अस्त्र-शस्त्र आवश्यक है। देश में उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने धरती, आकाश, पाताल में विभिन्न तरह के वैज्ञानिक परीक्षण पनडुब्बी, विभिन्न मिसाईल, पोत, लड़ाकू विमान से भारतीय सेना को मजबूत किया तथा विश्व शक्ति बनने की ओर हमारा देश अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उनके सपने को पूरा करने के लिए कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक राष्ट्र को शिखर तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के शासन में नगरीय क्षेत्रों में कार्यों में तेजी आयी है और सभी कार्य समय पर हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्काउट गाईड के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गोलछा ने कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम विश्व के लोकप्रिय नेताओं के शीर्ष में लिया जाता है। देश के विकास में उनका योगदान मील का पत्थर है। वार्ड पार्षद एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने कहा कि परिसर में उनकी प्रतिमा लगायी जाएगी तथा इस परिसर को अच्छी तरह से विकसित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर विकसित किए जा रहे हैं। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए 50 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। वही छोटे नगरीय निकायों के लिए 20-25 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस परिसर को भव्य रूप में विकसित करें, ताकि देश के महान राजनेता एवं उनके उत्कृष्ट विचारों को नागरिक आत्मसात कर सकें। इस अवसर पर श्री रमेश पटेल, श्री शिव वर्मा, श्री सुमित भाटिया, श्री देवशरण सेन, श्री गगन आईच, सुश्री आभा तिवारी, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता, श्री आलोक बिंदल, श्रीमती खेमीन यादव सहित अन्य पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री खेमलाल वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में राजनांदगांव शहर के वार्ड नंबर 19 जीई रोड



किनारे मनराज होण्डा शोरूम के समीप अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए 50 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत पेडस्टल, एमएस रेलिंग, सीमेंट म्यूरल, लैण्ड स्केपिंग कार्य सहित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की धातु से निर्मित मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इस दौरान वर्धमान नगर में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जीवन यात्रा को प्रदर्शित किया गया तथा अवदानों का स्मरण किया गया। विशेषकर उनकी ख्याति प्राप्त कविता क्या हार में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, कर्तव्य पथ पर जो मिला, ये भी सही वो भी सही, वरदान नहीं मागूंगा, हो कुछ भी पर हार नहीं मानूंगा... कविता का पाठ किया गया। कारगिल युद्ध विजय, पोखरण में परमाणु परीक्षण एवं अन्य उपलब्धियों व यादों को स्मरण किया गया।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफएजुकेशन में विश्व एड्स दिवस पर मनाया गया पखवाड़ा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के दिशा-निर्देश में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़ा के अंतर्गत एचआईवी एड्स विषय पर जन-जागरूकता हेतु दिनांक 14.12.2024, दिन शनिवार को रंगोली, भाषण, पोस्टर एवं नाटक का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों ने एड्स विषय पर जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाएं, जिसे महाविद्यालय में प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात एचआईवी एड्स माहवारी के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिए प्रशिक्षणार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं।



## भेड़ीकला मे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मना

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत भेड़ीकला में सुशासन दिवस मनाया गया।श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के तैल चित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरू आत हुई, सुशासन चौपाल में शपथ दिलाया गया, आवास हितग्राहियों को विष्णु की पाती वितरित की गई द्य इस अवसर पर सरपंच कृष्णा साहू, उपसरपंच अजीत राम देवांगन, सचिव, रोजगार सहायक, आवास हितग्राही, ग्रामीणजनों में झनेश देवांगन, प्रवीण प्रदीप,नरेंद्र, मुकेश, तिहारु, सोनू ,मोती, शारदा, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



# एकल अभियान के 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एकल विद्यालय के नवीन आचार्य वर्ग जो की 14 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पूज्य भूमि पाटेश्वर धाम में आयोजित की गई थी भारत माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वल के साथ समापन समारोह आरंभ हुआ परम आदरणीय संत श्री राम बालक दास जी महा त्यागी के विशेष आशीर्वाद के साथ उनके सानिध्य में संपन्न हुई उक्त अवसर पर संत श्री श्री बालक दास जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि एकल विद्यालय भारत को पुन: वैभव के शिखर की ओर ले जाने के लिए अग्रसर है प्राथमिक शिक्षा आरोग्य शिक्षण जागरण शिक्षा ग्राम विकास एवं संस्कार पंचविषयों के के माध्यम से भारत की खोये हुए वैभव एवं ज्ञान को पुन: जागृत करने का भागीरथी प्रयास कर रहा है इस प्रयास में पाटेश्वर धाम सदैव एकल विद्यालय के साथ खड़ा रहेगा। एकल विद्यालय संभाग छत्तीसगढ शिक्षा समिति सक्रिय सदस्य अंचल राजनांदगांव के प्रभारी रवि सिन्हा ने एकल विद्यालय की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा एकल विद्यालय ने वनवासी समाज को उनकी मूल संस्कृति से जोड़ने का एक अद्भुत प्रयास किया है। यह संस्था न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन में योगदान दे रही है, बल्कि भारत के ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में सांस्कृतिक जागरूकता भी बढ़ा रही है। एकल विद्यालय के प्रयासों ने हज़ारों परिवारों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। एकल विद्यालय के संभाग जागरण प्रभारी श्री राधेश्याम नायक जी ने कहा कि एकल अभियान के तहत छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ संस्कार, भारतीय संस्कृति की जानकारी, हिंदू ग्रंथों का ज्ञान, पर्यावरण, स्वच्छता आदि कार्य के माध्यम से नवजागरण का कार्य किया जाता है उन्होंने कहा कि यहां पर 10 दिवसीय अभियान में प्रशिक्षित आचार्य ग्राम स्तर पर जाकर इस ज्ञान का प्रचार प्रसार करेंगे। इस समापन कार्यक्रम में उपस्थित श्री



राधेश्याम नायक जी (संभाग जागरण प्रभारी छ: गढ़) श्री रवि सिन्हा जी (संभाग छत्तीसगढ शिक्षा समिति सक्रिय सदस्य अंचल राजनांदगांव के प्रभारी) श्री चिंताराम नायक जी ( जिला संघचालक ) श्री लखन कलामें जी ( संच समिति उपाध्यक्ष खडगांव ) श्री लेकेशवर ठाकुर( विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष अं.चौकी ) श्री चेतन दास साहू जी ( तुलसी मानस प्रतिष्ठान के सदस्य ) श्री जगत राम यादव जी अंचल अभियान प्रमुख श्री धनराज मंडावी जी अंचल प्रशिक्षण प्रशिक्षक अंचल राजनांदगांव सु श्री प्रेमा ठाकुर जी अंचल व्यास श्री ताराचंद पटेल जी श्री हरि कथा रथ योजना प्रमुख एवं समस्त संच प्रमुख आचार्य गण उपस्थित रहे।

## भेड़ीकला मंडई 26 को, रात्रि मे मया के अछरा कार्यक्रम होगा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम भेड़ीकला की मंडई 26दिसंबर 2024, दिन गुरुवार को रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन हेतु मया के अछरा , लखनपुर कवर्धा वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है । सरपंच कृष्णा साहू उपसरपंच अजीत राम देवांगन, पूर्व जनपद सदस्य तेज राम देवांगन ने लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।


## त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह राजा भानपुरी में 27, 28 व 29 दिसम्बर को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कबीर आश्रम राजा भानपुरी में प्रतिवर्षानुसार इस भी वर्ष 58 वर्ष कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य प्रवक्ता साध्वी ज्योती बाहेब कबीर आश्रम सुठालिया मध्यप्रदेश राजगढ़ से एवं साथ में साध्वी गीत साहेब बीमला बाहेब एवं कबीर आश्रम पिपरिया खैरागढ़ से संत श्री भूषण साहेब पधार रहे है। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य कबीर की विचारो को जन मानस तक पहुंचाना एवं जन कल्याण आत्म कल्याण मानवता की सेवा प्रेम एकता समता सद्भाव सहिष्णुता को वास्तविक सच्चा धर्म निरूपित किया है। अब धर्म के नाम पर बाहरी कर्म काण्ड का बाहुल्य है। धर्म के नाम पर अंधविश्वास पाखण्ड मिथ्या महिमा चमत्कार आदि बात पर झूठी बात को प्रचारित करना कबीर साहेब के आदेश को आत्मसात कैसे करें। इन सभी मार्ग संदेश देंगे उक्त कार्यक्रम को समस्त साहू समाज समस्त ग्रामवासी के सहयोग से होने जा रहे हैं ।



# अटल जी सुशासन के अमर महानायक - द्विवेदी

राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी के परमपुण्य शुभ-मंगला सौवें जन्मदिवस के महत्तम अवसर परिप्रेक्ष्य में नगर के विचारप्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने सामयिक विचार-चिंतन में बताया कि अटल जी के सुनाम से प्रसिद्ध देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित, सुदर्शन व्यक्तित्व के धनी सर्वदा भारतीय वेश-भूषा में रहने वाले, अपने समय-काल के सर्वाधिक लोकप्रिय कविहृदय, प्रखर राजनेता अटल बिहारी बाजपेई जी देश-धरती में सुशासन के प्रणेता एवं अमर महानायक रहे हैं। माँ भारती के परम वैभव के लिए सतत् समर्पित संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक बन आजीवन अविवाहित रहें अटल जी राजग सरकार के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने तेरह मई 1998 में पोखरन में पांच भूमिगत परमाणु परीक्षण कर परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में देश को सुस्थापित किया। आर्थिक विकास के नवीन सुधारों के साथ देश को ऊंचाईयों पर पहुँचाया। पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान से संबंध सुधार हेतु च्सदा-ए-शरहदज् बस सेवा प्रारंभ की। आगे कारगिल युद्ध विजय की गौरव गाथा लिखी। स्वर्णिम चतुर्भुज सडक़ मार्ग परियोजना, कावेरी जल विवाद का निराकरण, केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग का गठन, राष्ट्रीय राजमार्गो-हवाई अड्डों का विकास, नई दूरसंचार नीति, कोंकंड़ रेलवे का शुभारंभ, आवास निर्माण को प्रोत्साहन, ग्रामीण रोजगार सृजन, प्रवासी भारतीयों के लिए बीमा योजना, उपभोक्ता सामग्री के मूल्य नियंत्रण हेतु विशेष प्रयास के अलावा ग्रामीण विकास संगठन, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति,



आर्थिक सलाह समिति, व्यापार और उद्योग समिति गठित करके देश को अखिल विश्व में एक वैश्विक शक्ति के रूप में आगे बढ़ाया। डॉ. द्विवेदी आगे विशेष रूप से बताया कि भारत रत्न अटल जी अंतस्य से उत्कृष्ट राष्ट्रवादी थे। वे आजीवन देश-धरती को भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त करने हेतु निरंतर कार्यरत रहे। आजादी के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाले क्रांतिकारियों-अमर शहीदों को पूर्ण सम्मान न्याय मिले इसके लिए बढ़-चढक़र काम किया। सर्वाधिक महत्वपूर्ण उनके साहित्यिक व्यक्तित्व की पहचान उनकी लोकप्रिय कविताएं, आलेख, व्याख्यान हैं जो सभी को मन-प्राण से प्रभावित करते हैं। उनकी कालजयी रचनाएं - हिन्दु तन-मन हिन्दू जीवन रग-रग हिंदु मेरा परिचय, गीत नया गाता हूँ, आओ फिर दिया जलाएँ आदि के साथ-साथ पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विशिष्ट दिशा दर्शन में संघ कार्य करते हुए विशुद्ध राष्ट्रहितकारी राजनीति के पाठ पढक़र अपने समय की श्रेष्ठ पत्रकारिता करते हुए लोकप्रिय पत्र-पत्रिकाएं - पांच्यजन्य, राष्ट्रधर्म, दैनिक स्वदेश, वीर अर्जुन का संपादन भी किया। वास्तविकता में अटल जी राष्ट्रधर्मी व्यक्तित्व के सर्वमान्य जन-जन के सर्व प्रिय राजनेता हुए जिनका सरल जीवनक्रम और अद्भुत कार्यशैली तथा उनकी कालजयी रचनाएँ युगो-युगो तक, पीढ़ी दर पीढ़ी को प्रेरणा देती रहेंगी। आइये भारत माता के महान सेवक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें और उनके बताए गए सच्ची राष्ट्र सेवा के प्रमुख सूत्रों का प्राणप्रण से धारण कर पहल करें।


## छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
## दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में उपलब्ध नीचे ईमारती नये / पुराने काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ वन काष्ठागार डिपो दन्तेवाड़ा से प्राप्त की जा सकती है।

1. नीलाम दिनांक - 01.01.2025
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाटा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाटा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10:00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | पुरानी काष्ठ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली / डेंगरी | नग | घ.मी. | बल्ली / डेंगरी |
| सागौन | 465 | 105.310 | 2 | 1066 | 84.335 | 116/125 |
| साल | 193 | 32.438 | 0 | 826 | 77.900 | 6/17 |
| बीजा | 190 | 33.986 | 0 | 261 | 28.201 | 2/2 |
| साजा | 7 | 1.222 | 0 | 17 | 1.520 | 29/2 |
| हल्दू | 0 | 0.000 | 0 | 2 | .464 | 4 |
| धावड़ा | 14 | 0.911 | 0 | 15 | 1.414 | 7 |
| तिन्सा | 0 | 0.000 | 0 | 1 | 0.106 | 0 |
| अन्य | 23 | 1.983 | 0 | 221 | 26.720 | 62/12 |
| योग :- | 892 | 175.850 | 2 | 2409 | 220.66 | 222/162 |

(1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की धर्मी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
(4) ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

G-242504844



**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**
राजस्व मामला क्रमांक 202412093700033
वर्ष 2024-25

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित सोनी आ. विजय कुमार सोनी, निवासी वार्ड नं. 20, लालबाग, जिला-राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला जमातपारा स्थित शीट क्रमांक 36 ए. भूखण्ड क्रमांक 1/8, क्षेत्रफल 106.88 वर्गमीटर जो धारक चन्द्रकुमार सोनी आ. नारायण प्रसाद, निवासी हाल मुकाम सिविल लाईन डोंगरगढ़ के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार आवेदित भूखण्ड पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.01.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगाँव**


# चार साहिबजादों की याद में धर्मनगरी में मनाया जा रहा है शहीदी सप्ताह

## सिक्ख समाज के द्वारा केपीएल, मेडिकल कैम्प सहित अन्य आयोजन





**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** चार साहिबजादों की याद में केपीएल सीजन 5 का आयोजन खालसा स्कूल स्थित महाराजा रणजीत सिंह हॉल में किया जा रहा है। हर वर्ष 24 से 30 दिसंबर शहीदी सप्ताह के तौर पर मनाया जाता है। । सिक्खों के दशवे गुरु गुरुगोविंद सिंह के चार साहिबजादे जिन्होंने मुगलों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण लड़ाई में अपना बलिदान दिया जिनके शौर्य और बलिदान को याद करते हुए 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। शहीदी सप्ताह के दौरान सिक्ख समाज के द्वारा मीठे का त्याग किया जाता है। आपको बता दें कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ में चार साहिबजादों के शौर्य और बलिदान को पंजाब की तर्ज पर सिक्खी जोड़ मेला के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर केपीएल यानी खालसा प्रीमियर लीग के सीजन 5 का शुभारंभ गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार के द्वारा अरदास कर एवं लीग में भाग लेने वाली सभी 17 टीमों के द्वारा खालसा मार्च कर किया गया। सीजन 5 का पहला मैच जूनियर वर्ग में खिलाया गया जो सीजी टाईगर व बाज ब्रिगेड के बीच खेला गया। पहले ही ओवर में पहला विकेट रन आऊट के रूप में प्राप्त हुआ। दूसरा मैच सुपर सीनियर वर्ग से आयोजित किया गया जो युवराज मोटर्स बनाम बाज ब्रिगेड के बीच खेला गया। तीसरा मैच सीनियर वर्ग से कक्कड़ सुपर किंग्स एवं अरोरा ईगल के बीच खेला गया। 26 दिसंबर को फ्री मेडिकल कैम्प गोंदिया सहयोग हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। शाम को 5.30 बजे से 9 बजे तक सिक्खी स्वरूप कॉम्पिटिशन।

## पोहा, मुरमुरा उत्पादक संघ ने कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा मुरमुरा,पोहा पर मंडी टैक्स पर (1त्न,) एक प्रतिशत की राहत देकर मुरमुरा,पोहा उद्योग को पुन: नई ऊर्जा दे दी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश मुरमुरा,पोहा उत्पादक संघ के पदाधिकारी गण,भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लघु उद्योग भारती के पूर्व प्रदेश महासचिव रूपचंद भीमनानी के नेतृत्व में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम जी से रायपुर में सौजन्य मुलाकात करके आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य हो की वर्तमान में मंडी शुल्क के 2त्न प्रतिशत होने से पोहा, मुरमुरा उद्योग अन्य पड़ोसी राज्यों के उत्पादकों से स्पर्धा में ठहर नहीं पा रहे थे,अधिक शुल्क की मार से उद्यमी संकट में थे और क्रमश: उद्योग शिथिल होकर बंदी की ओर जा रहे थे,उक्त संबंध में पोहा मुरमुरा उत्पादक संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुकरेजा ने बताया की रूपचंद जी के प्रयासों से डॉ रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने विषय की गंभीरता को देखते हुए त्वरित सहयोग प्रदान किया और सम्बंधित विभाग से समन्वय कराया और विगत दिवस विधानसभा के पटल पर वरिष्ठ विधायक श्री अजय चंद्राकर ने उक्त प्रस्ताव को पटल पर पारित करने का संकल्प पेश किया तत्पश्चात कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उक्त समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल ही मंडी शुल्क को एक प्रतिशत करने की सहमति देते हुए प्रस्ताव स्वीकार किया।



**शुभांक**

1-3-5

199-9 345-2

**भाग्यांक**

468-8 450-9

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में चर्चा में रहा कामचटका प्रायद्वीप कहाँ स्थित है?*

*2) हाल ही में राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस 2024 कब मनाया गया?*

*3) हाल ही में चर्चा में रहा सक्करबाग चिड़ियाघर कहाँ स्थित है?*

*4) मुद्रा का कागज किससे बना होता है?*

*5) हाल ही में 34वें व्यास सम्मान किसे प्रदान किए जाने की घोषणा की?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) रूस (2) 24 दिसंबर (3) गुजरात (4) 100 प्रतिशत रूई (5) सूर्यबाला

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश लेने विद्यार्थियो को किया प्रोत्साहित

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. के निर्देशानुसार नई षिक्षा नीति अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों को उच्च षिक्षा से जोड़ने षासकीय नेहरू स्नाताकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ.श्रीमती ई.व्ही. रेवती, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगढ़ एवं सरस्वती षिषु उच्चतर माध्यमिक षाला डोंगरगढ़ के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही महाविद्यालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधा के बारें विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही अन्य एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब और क्रीडा विभाग आदि गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. रेवती ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि 12वीं परीक्षा पास करने के बाद आप उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए शहर में ही स्थित शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ को ही प्राथमिकता दे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्यगण, षिक्षकगण उपस्थित रहे।



## युवा उत्सव 2024 में गायत्री विद्यापीठ ने बाजी मारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान बनाया। उक्त प्रतियोगिता खेल एव युवा कल्याण विभाग द्वारा नवोदय विद्यालय में आयोजित किया गया था जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इसी क्रम में कशिश चंदेल ने एकल लोकगीत गायन में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें संगतकार रहे एकलव्य साहू, तेजांश रंजन एवं चैतन् साहू, कहानी लेखन में प्रथम स्थान पर रही रूपाली साहू। इसी प्रकार चित्रकला में द्वितीय स्थान पर रहे खुशी कांकरिया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।



# छत्तीसगढ़ हॉकी लीग - महिला वर्ग मे भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगाँव की टीम चैंपियन

## मिनी बॉयज वर्ग - आज सेमीफाइनल में भिड़ेगी बसंतपुर -मोतीपुर और चीखली -मिलचाल की टीम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के महिला वर्ग के समापन समाहरोह मे महिला सशक्तिकरण का नया अयाम स्थापित किया जा रहा है। विगत तीन वर्षो से छत्तीसगढ़ हॉकी एवं राजनांदगाँव हॉकी के मार्गदर्शन मे आयोजित इस प्रतियोगिता मे महिला वर्ग के समापन अवसर पर महिला सशक्तिकरण मंच के माध्यम से नारी शक्ति का उत्सव मनाया गया। जिले की प्रथम नागरिक महापौर हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य एवं समाज सेविका सुशीला देवी शर्मा, रुबीना अंजुम अल्वी, रेखा संतोष पाण्डेय, मधु बैद, डॉ सुगंध अनिमेष गाँधी, खेमिन यादव, श्वेता शर्मा, माया शर्मा, हेमलता श्रीवास्तव, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी शबनम फ़िरोज़ अंसारी के विशिष्ट आतिथ्य मे विजेता एवं उपविजेता टीम को डॉ गणेश शंकर शर्मा ट्रॉफी, पुरुष्कार एवं सर्टिफ़िकेट प्रदान किया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सुधा साहू को स्व सत्यदेव चौधरी के स्मृति मे सायकल समाजसेवी अशोक द्वारा प्रदत्त किया गया। इसी के साथ टूर्नामेंट के दौरान सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करने के लिए अवार्ड विभिन्न अवार्ड अतिथियों के करकमलो से प्रदान किया गया जिसके तहत बेस्ट गोलकीपर नौरीन हयात अंसारी, बेस्ट डिफेंडर अंजलि एक्का, बेस्ट मिडफील्डर श्यामली राय, बेस्ट स्ट्राइकर अंजलि महातो,बेस्ट डिसिप्लिनड प्लेयर दामीनी कुशरो, बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर दुबी रावत प्रदान किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्यतिथि एवं शहर की प्रथम महिला महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग को हॉकी खेल के लिए योगदान को अतुलनीय बताया और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे एवं छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव के सभी सदस्यो को बधाई दी। श्रीमती रेखा संतोष पांडेय जी ने अपने उध्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता के तृतीय वर्ष है जिसमे हमारे बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है हॉकी के बच्चों को बढ़ावा देने के लिए यह महत्पूर्ण प्रयास है मैने सुना था कि राजनांदगांव हॉकी की नर्सरी के नाम से जाना जाता है जिसे मैंने आज यंहा देख भी लिया है खिलाड़ी अपने खेल को खेलते है उनसे वह शारीरिक, व मानसिक रूप से भी बहुत मजबूत होते है। मै दोनों ही टीम को बधाई देती हूं कि अपने मेहनत और लगन से यंहा तक का सफर पूरा किया इसी के साथ मैं अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और आयोजन समिति से जुड़े सभी सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं देती हूं। मधु बैद ने अपने उद्बोधन मे अपने उद्बोधन मे डॉ रमन सिंह के द्वारा खेल के किये लिए योगदान को याद किया और एस्ट्रो टर्फ मैदान को हॉकी खिलाड़ियों के लिए वरदान बताया जिसे रमन सिंह के मुख्यमंत्री के रूप मे कार्यकाल के दौरान लगाया गया था।कार्यक्रम मे उपस्थित मणीभास्कर गुप्ता ने कहा की हमारे राजनंदगांव को हॉकी की नर्सरी की उपाधि स्व. मेजर ध्यांचन्द जी द्वारा दिया गया जिसे राजनांदगांव के वरिष्ठजानो ने अभी तक जीवित रखा है यह बहुत ही बड़ी बात है उन्होंने कहा कि अगर हर खिलाड़ी के हौसले मजबूत हो तो वो खिलाड़ी प्रदेश ही नही बल्कि पूरे विश्व मे अपना नाम रौशन करेंगे।



= रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी का हॉकी खेल मे योगदान अतुलनीय- हेमा सुदेश देशमुख

छत्तीसगढ़ हॉकी और जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रुद्रारक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित की जा रही छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता में चौथे दिन चार मैच खेले गए। बालिका वर्ग का फाइनल मैच भारतीय खेल प्राधिकरण विरुद्ध डी एच ए राजनांदगाँव के मध्य खेल गया, जिसमे भारतीय खेल प्राधिकरण की टीम 3-2 से विजयी रही।

भारतीय के प्राधिकरण की टीम की ओर से डूबी रावत ने 3 गोल एवं डी एच ए की ओर से दामीनी एवं गीतू मरकाम ने 1-1 गोल किया। मिनी बालक वर्ग में मिलचाल विरुद्ध मोतीपुर के मध्य खेला गया जिसमें दोनों टीमो के बीच रोमाचक मैच देखने को मिला दोनों ही टीमें लगातार गोल करने के प्रयास करते रहे किन्तु मैच के हाफ्टाइम तक गोल करने में दोनों ही टीम असमर्थ थे मैच के मध्यंतर के बाद मिलचाल टीम के राशि ने गोल करते हुए 1-0 गोल की बढ़त बनाई हुई थी जिसे मोतीपुर के नीरज ने गोल कर 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया किन्तु मैच के 29वे मिनट में मिलचाल के मयंक ने गोल करते हुए यह मैच 2-1 गोल से विजय हासिल की।बालक वर्ग ही दूसरा मैच खेलो इंडिया बिलासपुर ए विरुद्ध हॉकी बेमेतरा के मध्य खेला गया जिसमें खेलो इंडिया बिलासपुर ए ने हॉकी बेमेतरा को 10-1 गोल से पराजित किया इस एकतरफा मुकाबले में टीम के कप्तान आनन्द सूर्यवंशी ने 5 गोल, ओम यादव ने 3 गोल, अनिकेत और अविनाश ने 1-1 गोल किया वंही बेमेतरा की ओर से विक्की यदु ने मात्र 1 गोल किया। बालक वर्ग में दिन का अंतिम मैच स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी विरुद्ध डीएचए राजनांदगांव के मध्य खेला गया इस बेहद रोमाचक मुकाबले में दोनों ही टीम 3-3 की बराबरी पर दोनों ही टीम एक दूसरे के गोल में लागतार गोल दागते रहे उसी कड़ी में रायपुर टीम के ओर मैच के 14वे मिनट में लियांश सारथी ने गोल कर 1-0 बढ़त बनाई जिसे मैच के 25वे मिनट में चमन निषाद ने गोल करते हुए 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया मैच के 30वे मिनट में अजय यादव ने गोल कर बढ़त बनाई थी जिसे रायपुर के लियांश सारथी ने मैच के 31वे मिनट में गोल कर 2-2 गोल की बराबरी पर ला दिया मैच के 32वे मिनट में रायपुर के हार्दिक ने गोल कर 3-2 की बढ़त बनाई थी जिसे डीएचए राजनांदगांव टीम के कप्तान रेहान खान ने गोल करते हुए 3-3 गोल की बराबरी करते मैच को ड्रा पर रोका।हॉकी नर्सरी राजनांदगाँव के खेल प्रेमी जनता के सम्मान मे प्रदान किया जा रहा है एस ई सी एल बेस्ट दर्शक अवार्ड रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग मे हॉकी नर्सरी के खेल प्रेमी जनता के सम्मान मे प्रत्येक दिन एस ई सी एल बेस्ट दर्शक का अवार्ड भी प्रदान किया जा रहा है जिसके तहत टूर्नामेंट के तीसरे दिन यह अवार्ड हॉकी खेल प्रेमी दर्शक भूषण लाल देवांगन को प्रदान किया गया।

**कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला**

बालक वर्ग मे खेले गए मैच के पूर्व विशिष्ट अतिथि के रूप जिला के कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी और उतरोत्तर प्रगति की कामना की। बालक वर्ग मे खेले गए अन्य मैचों मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष सुमीत भाटिया, भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष प्रशांत गोलू गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी विकास अग्रवाल, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी गुणवंत पटेल एवं शब्बीर हैदरी ने खिलड़ियों से परिचय प्राप्त की। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी प्रकाश शर्मा, अजय झा नीलम चंद जैन, भूषण साव,गुणवंत पटेल, अशोक नागवंशी, प्रिंस भाटिया, भागवत यादव, योगेश द्विवेदी, राजेश निर्मलकर, शकील, दिलीप रावत अहमद, किशोर धीवर, अभिनव मिश्रा, पीयूष वर्मा, हारुन खान, दीपेश चौबे एवं आशीष सिंह उपस्थित रहे।

**आज के मैच**

मिनी बालक वर्ग में दो सेमीफाइनल मैच

पहला सेमीफाइनल मैच

दोपहर 1 बजे बसन्तपुर विरुद्ध मोतीपुर के मध्य खेला जाएगा

दूसरा सेमीफाइनल मैच चिखली विरुद्ध मिलचाल के मध्य खेला जाएगा

सब जूनियर बालक वर्ग में

दोपहर 3 बजे हॉकी बेमेतरा विरुद्ध हॉकी बिहार

संध्या 4 बजे स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी रायपुर विरुद्ध हॉकी अमरावती के मध्य खेला जाएगा।

# राजनांदगाँव के दो सौ से अधिक स्थानों में मनाया तुलसी पूजन दिवस

## हर्सोल्लास के साथ मनाया गया तुलसी पूजन दिवस, दो सौ से अधिक स्थानों में किया तुलसी पूजन का आयोजन

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** 25 दिसंबर यानी तुलसी पूजन दिवस एक विश्वव्यापी पर्व बन गया है । भारतीय संस्कृति में तुलसी की बड़ी भारी महिमा बतायी गयी है उन्ही महिमा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के द्वारा विभिन्न आयोजन किया जाता है । बापूजी के द्वारा 2014 से शुरुआत हुई तुलसी पूजन दिवस आज भारत ही नहीं अपितु विदेशो में भी 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस मना रहे है । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर 25 दिसम्बर को श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा भर्रेगांव में बड़े ही भव्यता के साथ किया गया साथ ही बच्चों के आध्यात्मिक व लौकिक विकास के लिए विद्यार्थी शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो बच्चों ने सफलता पाने की कुंजी, स्वस्थ्य रहने की कला तथा परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के प्रयोग सिखाये गए । तुलसी पूजन कार्यक्रम में सर्वप्रथम तुलसी माता को स्वच्छ स्थान पर विराजमान कर जल चढ़ाकर उनको तिलक लगाकर दीपक व कपूर से आरती उतारी जाती है तथा अच्छे स्वास्थ्य व पूरे देश में सुख-शांति बनी रहे ऐसा संकल्प करते हुए सात परिक्रमा किया गया । बाल संस्कार केन्द्र के बच्चों ने नृत्य के माध्यम से तुलसी पूजन से संबंधित अपनी प्रस्तुति दी । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच सुलेखा चंद्राकर, भलभद्र चंद्राकर, जीवन केसरिया, भरत लाल चंद्राकर, रामाधार साहू, केजुराम सिन्हा, मदन लाल चंद्राकर, मंदाकनी दुबे के साथ ग्राम के प्रमुखजन उपस्थित होकर तुलसी माता का पूजन कर तुलसी पूजन दिवस मनाया ।



**भारतीय संस्कृति में तुलसी की महत्ता**

अगस्त्य संहिता में आता है कि संसार में तुलसी से अधिक पवित्र वस्तु दूसरी कोई नही है । वैज्ञानिकों ने भी इस बात को स्वीकारा है कि तुलसी कैंसररोधी, मधुमेहरोधी, कीटाणुनाशक, हृदयरक्षक तथा पेट के रोगों से रक्षा करने वाली दिव्य औषधि है ।तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व दिलीप सिन्हा ने बताया की जिले में अब तक 200 से अधिक स्थानों में यह कार्यक्रम किया जा चुंका है तथा आज ही भर्रेगांव के अलावा ढोढ़ीया, हल्दी, गंडई, खैरागढ, डोंगरगढ़, मोहला, छुरिया, डोंगरगांव में बड़े रूप में आयोजन किया गया । जिसमे हजारों लोग सम्मिलित हुए ।

**देश सहित विदेशो में भी हो रहा तुलसी पूजन दिवस**

संस्था के कोषाध्यक्ष टी. के. चंद्राकर व सचिव लेखराम साहू ने बताया की पूज्य बापूजी की प्रेरणा से 25 दिसम्बर तुलसी पूजन दिवस केवल भारत ही नही अमेरिका, शिकागो, लंदन, ऑस्ट्रेलिया जैसे अनेक देशों में भी तुलसी पूजन दिवस मनाया जा रहा है । एक महीने पूर्व से प्रतिदिन गांव-गांव, सोसायटियों आदि स्थानों में समिति के सेवाधारियों द्वारा तुलसी पूजन के कार्यक्रम करते है तथा तुलसी की महिमा से लोगो को अवगत कराते है । कार्यक्रम में तुलसी का पूजन, प्रदक्षिणा और आरती की । तुलसी पूजन के इस भव्य नज़ारे को देखकर सभी गदगद हो गये 7 इस कार्यक्रम में कई धार्मिक संस्था के गणमान्य हस्तियाँ, ग्राम प्रमुख आदि विशिष्ट लोग भी सम्मिलित हुयें । सभी ने कार्यक्रम की खूब प्रसंशा की व इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सराहना की। इस कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनसमुदाय ने यादशक्ति और आरोग्यता बढ़ाने हेतु रोज 5 तुलसी के पत्ते खाने और अपने घर और मोहल्ले में इसी प्रकार प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को तुलसी के सामूहिक पूजन का आयोजन करने का संकल्प लिया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खिलावन पटेल, विकास चंद्राकर, खुमेश निषाद, पुष्पेंद्र सिन्हा, दीपेश सिन्हा, एकता चंद्राकर, अंजू निषाद, विमला निषाद, अनिता निषाद, पूजा चंद्राकर, मुस्कान चंद्राकर, साक्षी चंद्राकर आदि का विशेष योगदान रहा ।

## एस टी एस, न्यू मशाल भिलाई, आरसीएफसी तुमसर, कवर्धा, व फ्रैंक ब्रदर्स ए की टीम पहुंची अगले दौर मे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** काका फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में द्वितीय वर्ष 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का आज शानदार चौथा दिन जो स्टेट हाई स्कूल मे चल रहा है .. जिसमे जिसमे कुल 5 मैच खेले गए। जिसमे आज का पहला मैच रायपुर विरुद्ध एस टी एस राजनांदगांव के मध्य खेला गया, जिसमें एस टी एस राजनांदगांव ने 1-0 से जीत हासिल की। दूसरा मैच न्यू मशाल भिलाई विरुद्ध परपोड़ी के मध्य खेला गया.. जिसमें न्यू मशाल भिलाई ने 4-0 से जीत साहिल की। तीसरा मैच आरसीएफसी तुमसर विरुद्ध एस पी इलेवन राजनांदगांव के मध्य खेला गया जिसमें आरसीएफसी तुमसर ने 4-0 से जीत हासिल की। चौथा मैच कवर्धा विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन राजनांदगांव के मध्य खेला गया जिसमें कवर्धा ने 2-0 से जीत हासिल की, पांचवा और अंतिम मैच फ्रैंक ब्रदर्स ए विरुद्ध रेंगाकठेरा के मध्य खेला गया जिसमें फ्रैंक ब्रदर्स ए ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए,5-2 से जीत हासिल कर अगले दौर मे प्रवेश किया..26 दिसम्बर गुरुवार को कुल 6 मैच खेले जायेंगे । पहला मैच डीडीएफसी तुमसर विरुद्ध श्रीराम एफसी भिलाई, दूसरा मैच यंग एफसी बालापुरा विरुद्ध री यूनाइटेड क्लब राजनांदगाव. तीसरा मैच छुईखदान विरुद्ध तिरोड़ी एफसी, चौथा मैच डोंगरी माइंस विरुद्ध 1ह्य पहले मैच की विजेता टीम , पांचवा मैच खैरागढ़ विरुद्ध एस टी एस राजनांदगांव, छठा मैच दुर्ग बॉयज विरुद्ध फ्रैंक ब्रदर्स बी का होगा।



## धर्म समाचार....

# सोमवती अमावस्या पर इन चीजों से करें भगवान शिव का अभिषेक, पितृ दोष से मिलेगी मुक्ति




ज्योतिषियों की मानें तो सोमवती अमावस्या पर कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। सोमवती अमावस्या पर दुर्लभ ध्रुव एवं वृद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही शिववास योग का भी संयोग बन रहा है। इस समय में भगवान शिव कैलाश पर मां गौरी के साथ रहेंगे।

सनातन धर्म में पौष अमावस्या का विशेष महत्व है। इस वर्ष सोमवार 30 दिसंबर को पौष अमावस्या है। सोमवार के दिन पड़ने के चलते यह सोमवती अमावस्या कहलाएगी। सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा की जाती है। साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। धार्मिक मत है कि सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा करने से साधक को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। अगर आप भी पितृ दोष से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो सोमवती अमावस्या के दिन इन चीजों से भगवान शिव का अभिषेक करें।

**सोमवती अमावस्या उपाय**

अगर आप पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो सोमवती अमावस्या के दिन स्नान-ध्यान के बाद जल में काले तिल मिलाकर दक्षिण दिशा में मुख कर पितृ को जल का अर्घ्य दें। इस समय पितरों का ध्यान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। इस उपाय को करने से व्यक्ति पर पितरों की कृपा बरसती है। अगर आप पितृ दोष से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो सोमवती अमावस्या पर स्नान-ध्यान के बाद जल में काले तिल और सफेद फूल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से पितृ दोष का प्रभाव समाप्त हो जाता है। साथ ही पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। पितरों को मोक्ष दिलाने हेतु सोमवती अमावस्या के दिन स्नान-ध्यान के बाद गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस समय शिव गायत्री मंत्र का जप करें। इस उपाय को करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। अगर आप पितरों की आत्मा को मोक्ष दिलाना चाहते हैं, तो सोमवती अमावस्या के दिन स्नान-ध्यान के बाद तिलांजलि अवश्य करें। इसके लिए पितरों को जल का अर्घ्य देने के बाद बहती जलधारा में तिल और जौ को प्रवाहित करें। इस दिन जरूरतमंदों को दान अवश्य करें। दान में अन्न, जल, वस्त्र और धन का दान करें। इस उपाय को करने से भी पितरों की कृपा साधक पर बरसती है।




## प्रदोष व्रत से इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन, खुशियों से भर जाएगा जीवन

धार्मिक मत है कि प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की पूजा करने से साधक के जीवन में विशेष बदलाव देखने को मिलता है। साधक की मनचाही मुराद पूरी होती है। जीवन में व्याप्त दुखों का नाश होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। साधक अपनी सुविधा के अनुसार भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। धर्म डेस्क, नई दिल्ली। वैदिक पंचांग के अनुसार, शनिवार 28 दिसंबर को प्रदोष व्रत है। यह पर्व भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। इस व्रत का फल दिन अनुसार प्राप्त होता है। शनिवार के दिन पड़ने के चलते यह शनि प्रदोष व्रत कहलाएगा। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना यथाशीघ्र पूर्ण होती है। ज्योतिषियों की मानें तो शनि प्रदोष व्रत के दिन सुखों के कारक शुक्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों को लाभ होगा। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं- शुक्र ग्रह राशि परिवर्तन- वर्तमान समय में शुक्र देव मकर राशि में विराजमान हैं। इस राशि के स्वामी शनिदेव हैं और आराध्य भगवान शिव हैं। शुक्र देव के आराध्य भगवान शिव हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सुखों के कारक शुक्र देव 28 दिसंबर को राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन शुक्र देव कुंभ राशि (स्द्धह्वद्भह्वड्ड त्रशष्द्धड्डह्म् 2024) में गोचर करेंगे। शुक्र देव कुंभ राशि में अगले साल 27 जनवरी तक रहेंगे। इसके अगले दिन शुक्र देव मीन राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान शुक्र देव 4 जनवरी को शतभिषा और 13 जनवरी को पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में गोचर करेंगे।इन राशियों को होगा लाभ- शुक्र देव के कुंभ राशि में गोचर करने से मेष और मीन राशि के जातकों को विशेष लाभ होगा। वहीं, कुंभ राशि के जातक भी लाभान्वित होंगे। शुक्र देव के शतभिषा नक्षत्र में करने से कुंभ राशि के जातकों को लाभ होगा। इस नक्षत्र में जन्म लेने वाले जातकों की राशि कुंभ होती है। अत: कुंभ राशि के जातकों को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। वहीं, मेष राशि के जातकों को अत्यधिक लाभ होगा। धन प्राप्ति के नवीन साधन एवं योग बनेंगे। किसी खास व्यक्ति से मिलन होगा। इससे रुके काम बन सकते हैं। इस दौरान रिश्ते भी आ सकते हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# पुलिस आरक्षक भर्ती में बड़ा घोटाला

## उच्च पुलिस अधिकारियों और भाजपा सरकार के संरक्षण में हुआ यह कारनामा



वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अधिवक्ता प्रशांत तिवारी ने इस मामले में राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर उठाए गंभीर सवाल







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले ने छत्तीसगढ़ में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल मचा दी है। इस मामले में गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं कि राज्य के उच्च पुलिस अधिकारियों और भाजपा सरकार के संरक्षण में यह घोटाला हुआ है। घोटाले का खुलासा तब हुआ जब कुछ अभ्यर्थियों ने दावा किया कि वे भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा नहीं थे, लेकिन फिर भी उन्हें चयन सूची में शामिल कर लिया गया था। इसके बाद यह आरोप भी सामने आए कि कई चयनित अभ्यर्थियों के नाम बिना किसी वैध प्रक्रिया के भर्ती सूची में डाले गए, जिससे भर्ती की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न उठने लगे। यह स्थिति छत्तीसगढ़ की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को शर्मसार करती है और युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ करने का संकेत देती है।

राज्य में इस मामले को लेकर विपक्षी दलों ने भाजपा सरकार और पुलिस विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत तिवारी ने इस मामले में राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि चूंकि पुलिस के ही अधिकारी इस घोटाले में आरोपी हैं, ऐसे में राज्य पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना व्यर्थ है। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है, ताकि एक निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो सके और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सके। उनका मानना है कि यदि राज्य पुलिस ही इस मामले की जांच करेगी, तो उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल होगा, जिनके बारे में आरोप हैं कि वे घोटाले में शामिल हैं। सीबीआई जांच से ही इस घोटाले की सच्चाई सामने आ सकती है और न्याय मिल सकता है।

प्रशांत तिवारी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि उसने इस घोटाले को दबाने की कोशिश की और उच्च पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। इससे यह भी संदेह पैदा होता है कि राज्य में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं। विपक्ष ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक इस मामले की सीबीआई जांच नहीं होती, तब तक राज्य में भ्रष्टाचारियों के खिलाफसख्त कदम उठाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। सीबीआई जांच से यह सुनिश्चित होगा कि सभी आरोपी सामने आएंगे और उन्हें सजा मिलेगी, जिससे युवाओं का विश्वास पुलिस और भर्ती प्रक्रियाओं पर फिर से बहाल हो सकेगा। राज्य की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर आ रहे इन सवालों ने पूरे प्रदेश में असंतोष और गुस्से की लहर पैदा कर दी है। योग्य युवाओं को अवसर नहीं मिलने और भ्रष्टाचार के कारण उनका भविष्य खराब होने का खतरा उत्पन्न हुआ है। यह घोटाला छत्तीसगढ़ के नागरिकों और खासकर उन युवाओं के लिए एक बड़ा झटका है, जो सरकारी नौकरी पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। अगर इस घोटाले पर सही समय पर कार्यवाही नहीं की जाती है, तो यह छत्तीसगढ़ में सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर देगा। इस घोटाले में पुलिस अधिकारियों की संलिप्तता और भाजपा सरकार का संरक्षण इसे और भी जटिल बना रहा है। अब यह देखना होगा कि राज्य सरकार इस मामले में किस दिशा में आगे बढ़ती है और क्या वह सीबीआई जांच को मंजूरी देती है या नहीं। यदि इस मामले में जल्द ही निष्पक्ष और पारदर्शी जांच नहीं होती है, तो छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ाई को गंभीर धक्का लग सकता है, और युवाओं में राज्य सरकार के प्रति विश्वास और भी कम हो सकता है।

# पांच सौ करोड़ की मेडिकल कॉलेज देने वाले डॉ. रमन सिंह अब व्यवस्था में गंभीरता दिखाएं - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी नगरी की जनता के लिये जिला मुख्यालय राजनांदगांव को अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में डॉ. रमन सिंह जी ने लगभग 500 करोड़ रूपयों की राशि जमीन सहित उपलब्ध करवाई थी लेकिन विधानसभा चुनाव का समय जैसे ही नज़दीक आया और उस अधूरी अव्यवस्था के बीच आनंद-फानंद में जिले के आधा सीसी जिन अधिकारियों के द्वारा उसका उद्घाटन तो करवा दिया गया, लेकिन राजनांदगांव की भोली-भाली जनता ने उस अधूरी डॉक्टरों, मशीनों आदि की अव्यवस्था को भी नजर अंदाज करते हुए डॉ. रमन सिंह जी को सन् 2018 का विधानसभा चुनाव जिताया और हाथों-हाथ ऊपर उठाया कि राजनांदगांव जिला मुख्यालय को केन्द्र सरकार से इतना बड़ा मेडिकल कॉलेज लगभग 40 एकड़ क्षेत्र में फैले इस मेडिकल कॉलेज का मिलना ही राजनांदगांव की जनता के लिये खुशी का विषय था, लेकिन 2018 के विधानसभा चुनाव में डॉ. रमन सिंह जी इस प्रदेश के मुख्यमंत्री नही बन सके और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी दुर्ग क्षेत्र के पाटन से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज हुए और भूपेश बघेल जी के शासन काल में एक विधायक और एक सांसद और एक निगम की महापौर होने के बावजूद पिछले 5 वर्षों में मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्था को लेकर एक भी जागरूक जनप्रतिनिधि खुलकर मेडिकल कॉलेज के जो नियम, शर्त केन्द्र/राज्य सरकार के जो नियम लागू है और उसकी संपूर्ण जनहित में आम जनता की सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यदि बड़े आंदोलन के रूप में मांग होती तो कुछ सुधार होता लेकिन 2-5 करोड़ की मशीन को लेकर जो गंदी राजनीति की गई जिसका परिणाम आज यह है कि आये-दिन आम जनता अपने इलाज के लिये दर-दर भटक रही है और मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉक्टर इस्तीफा आदि अपनी मांगो के माध्यम् से सरकार को ललकार रहें है उससे आम जनता में गंभीर नाराजगी ईलाज को लेकर है क्योंकि प्राईवेट में मनमाना ईलाज के नाम पर जो राशि ली जा रही है ? उसे गंभीरता से लेते हुए डॉ. रमन सिंह जी से अनुरोध है कि जिस 500 करोड़ रूपये की लागत का मेडिकल कॉलेज आपने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में राजनांदगांव को दिया है उसे पूरी साज-सज्जा के साथ आम जनता के हितों के लिये आपको क्रांतिकारी कड़े कदम उन आधा सीसी और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ उठाने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान में आप छ.ग. शासन के विधानसभा अध्यक्ष है जो कि सबसे पावरफूल आसंधी आपकी है जिस लापरवाह अधिकारी का सियार बनाना और बिगाडना आपके हाथ में है।



# रमेश राही को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के प्रतिष्ठित कवि, समाजसेवी, शिक्षाविद व हमारा प्यारा हिंदुस्तान साहित्य संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक रमेश जैन राही को उनके साहित्यिक योगदान एवं सामाजिक कार्यों के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकार्ड तथा मैजिक एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी फरीदाबाद दिल्ली द्वारा आनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड (मानद उपाधि) से सम्मानित किया गया है। लाइव सम्मान समारोह 18 जनवरी 2025 को फरीदाबाद दिल्ली में आयोजित है। उल्लेखनीय है कि मैजिक एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी फरीदाबाद दिल्ली द्वारा यह अवार्ड साहित्य तथा समाजसेवा के क्षेत्र में असाधारण कार्य के लिए दिया जाता है। रमेश राही अनेक साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े रहकर अनवरत साहित्य सृजन कर रहे हैं। उनके प्रकाशित काव्य संग्रह ज़िन्दगी मुस्कुराती रहे को भी बड़ी सराहना मिली थी। द्वितीय काव्य संग्रह भी शीघ्र प्रकाशित होने जा रहा है। श्री राही की इस उपलब्धि से उत्साहित उनके मित्रों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों व सामाजिकजनों ने उन्हें बधाई दी है।





# धौराभांठा में सामूहिक भागवत कथा का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम धौराभाठा के युवा साथियों और समस्त ग्राम वासियों के द्वारा सामूहिक श्रीमद् भागवत कथा का



आयोजन किया गया है । इसके उपलक्ष्य में 24 दिसंबर को सांस्कृतिक परंपरा एवं छत्तीसगढ़ी वेद भूसा के साथ में कलश शोभायात्रा निकाली गई । जिसमें गांव के ही युवक, युतियों ने विभिन्न वेश भुसाओं के साथ राधा कृष्ण राम सीता एवं महापुरुषों की झांकी निकाली कलश यात्रा दोपहर 3:00 बजे प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए रामायण चौक में समाप्त हुआ जिसमें रानी लक्ष्मीबाई, छत्तीसगढ़ महतारी की की भी झलक मिली। 24 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी तक होने वाले भागवत कथा में कथावाचक पं आशीष कृष्णा तिवारी जी ने व्यास पीठ से युवाओं को ऐसे पहल के लिए सराहना दिया । आयोजन कर्ता किशन साहू , सतानंद साहू, शारदा प्रसाद, रोहित यादव, योगेन्द्र, पिंटू , संजय, सोनू रूपेंद्र, हेमंत इकेंद्र शुभम, आकाश, जागेश्वर,, टीकम,लीलाराम आर्यन, ललिता, सीमा,आरती, नेहा, इंद्राणी, गायत्री, संजना, मेनू दीप्ति दिव्या आदि शामिल रहे।

# लगातार जीत के साथ कवर्धा पहुंची सेमीफायनल में



## अन्य टीमों में भिड़न्त जारी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम मनेरी में न्यू सद्भावना खेल एवं युवा कल्याण समिति के तत्वावधान् में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के सेमीफायनल में लगातार जीत के साथ बेहतरीन खेल की बदौलत कवर्धा की टीम ने सीधे सेमीफायनल में प्रवेश कर लिया है। अब कल खेले जाने वाले तीन मैचों के बाद सेमीफायनल में जाने वाली टीम का फैसला होगा। आज खेले गये मैच में नगर के पत्रकारगण अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

प्रतियोगिता के चौथे दिन आज कुल चार मैच खेले गये। पहला मैच कोरबा व साल्हे घुघवा के बीच खेला गया। इस एकतरफा मुकाबले वाले मैच में कोरबा ने 4-0 से जीत दर्ज की। आज का दूसरा मैच भिलाई तथा डोंगरगांव की टीम के बीच खेला गया। यह मुकाबला काफी रोमांचक व संघर्षपूर्ण रहा। मैच के मध्यान्तर तक दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर थी। मध्यान्तर के बाद शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डोंगरगांव की टीम ने ताबड़तोड़ 2 गोल करके अपनी टीम को 2-0 से जीत दिला दी। आज का तीसरा मैच पुलिस लाईन राजनांदगांव तथा कवर्धा के बीच खेला गया। इस मैच में कवर्धा ने भी बेहतरीन खेल और पासआऊट का खेल दिखाते हुए अपनी टीम को 4-0 से विजय दिला दी। इस मैच में तीन गोल मैच के पहले हॉफ में तथा एक गोल मैच के दूसरे हॉफ में हुआ। आज का चौथा मैच बलौदाबाजार तथा शहीद सुदामा फुटबाल क्लब राजहरा के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने कई मूवमेंट के साथ एक दूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किये, परन्तु उसे गोल में परिवर्तित करने में दोनों टीमें नाकाम रहीं। इसके बाद इस मैच का फैसला ट्राइब्रेकर से हुआ, जिसमें राजहरा की टीम ने 2-0 से यह मैच जीत लिया। आज के मैच में डोंगरगांव नगर के वरिष्ठ पत्रकार आयोजन समिति के अनुरोध पर बतौर अतिथि उपस्थित हुये। इनमें प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, बालकृष्ण सिन्हा, घनश्याम साव, गोविन्द गुप्ता, महेन्द्र लेंझारे तथा टुम्मन साहू प्रमुख थे। जनपद अध्यक्ष टीकेश साहू के साथ पत्रकारों ने भी मैदान में पहुंचकर समस्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पश्चात् समस्त पत्रकारों को मूमेन्टो प्रदान कर सम्मान किया गया।

**आज के मैच**

प्रतियोगिता के पांचवे दिन गुरूवार को तीन मैच खेला जायेगा। आयोजन समिति के नोहर साहू ने बताया कि पहला मैच राजनांदगांव व दल्ली राजहरा के बीच, दूसरा मैच कोरबा व डोंगरगढ़ के बीच तथा तीसरा मैच भरवेली व डोंगरगांव के मध्य होगा। सभी मैचों में निर्णायक के रूप में डेनियल निर्मलकर भंडारा, घनश्याम मेश्राम तिरोड़ी तथा समीर खान नैनपुर मंडला होगें।

# जिला अस्पताल बसंतपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**नागरिकों को मिलेगी कम दर पर जीवन रक्षक दवाईयां**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस एवं सुशासन दिवस पर जिला अस्पताल बसंतपुर राजनांदगांव में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के श्री सचिन बघेल, समाजसेवी श्री रमेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री सचिन बघेल ने कहा कि जिला अस्पताल में जन औषधि केन्द्र खुलने से नागरिकों को कम कीमत पर जीवन रक्षक एवं नियमित दवा लेने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा। श्री रमेश पटेल ने कहा कि शासन द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों को पूरी सुविधा मिल सके एवं वाजिब कीमत पर दवा के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। अतिथियों द्वारा जिला अस्पताल स्टाफ से चर्चा कर अस्पताल में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर डॉ. आर तुलावी, सिविल सर्जन डॉ. सीआर चंद्रवंशी, रेडक्रास के सहसचिव श्री सुशील जैन, प्रबंधक सह जिला संगठक रेडक्रास श्री प्रदीप शर्मा, श्री अखिलेश सिंह, श्री खोमेश साहू, सुश्री हेमप्रभा सिन्हा, श्री दीपक नेताम, श्री सुखदेव राऊत, डॉ. आरके नेताम, श्री महेश नेताम सहित जिला अस्पताल के स्टॉफ उपस्थित थे।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com